अंधकार के पार

# युवा सामग्री

## मानव तस्करी के पीड़ितों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस

एक युवा व्यक्ति से यूहन्ना 10:10 पढ़ने के लिए कहें: 'मैं इसलिये आया कि वे जीवन पाएं, और बहुतायत से पाएं।'

क्या आपके घर से या आपके पास से कभी कुछ चोरी हुआ है? आपको यह कैसा लगा? क्या आपको वह वापस मिल गया?

कुछ चीजें जो चोरी हो जाती हैं हम उन्हें बदल सकते हैं। लेकिन हमारे पास कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो खास होती हैं क्योंकि वे हमारे व्यक्तित्व का एक हिस्सा होती हैं। जब उन्हें ले लिया जाता है, तो उन्हें फिर से वापस पाना मुश्किल हो जाता है। ये क्या क्या हो सकती हैं?

हम कौन हैं इसकी पूर्णता का वर्णन करने का एक तरीका है एक घर की तस्वीर के माध्यम से। भूमि से जुड़कर एक घर बनता है। हमारे संबंधित स्थान के लिए यह एक गहरे संबंध का प्रतीक है। एक घर की दीवारों को चार स्तंभों के सहारे बनाया जा सकता है। ये हमारे जीवन को मजबूती प्रदान करते हैं। हमारा शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य, हमारा आत्मिक स्वास्थ्य और हमारे परिवार और समुदाय का स्वास्थ्य। मानव होने के नाते, हमारे सम्बन्ध हमारे व्यक्तित्व को आकार देने में और हमें स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। वे हमें एक पूर्ण जीवन जीने के लिए सक्षम करते हैं।

### हमारे स्वास्थ्य के चार स्तंभ




**सर मेसन ड्यूरी, ते व्रे तपा व्हा, 1984**

बाईबल मे ऐसी बहुत सी कहानियां हैं जिनमे यह बताया गया है कि मनुष्य के पतन के फलस्वरूप संसार में ज्योति और अन्धकार दोनों ही मौजूद हैं। यूहन्ना 10:10 में वर्णित चोर हमारी दुनियावी चीचें चोरी करने नहीं आता, बल्कि हमारी सबसे बहुमूल्य चीज चुराने आता है: वह पूरा जीवन जिसकी परमेश्वर ने हमें आशा दी है। वह चीजें क्या हैं जिन के बारे में आप सोच सकते हैं कि वह हमें एक पूर्ण जीवन जीने में सक्षम बनाती हैं? (कुछ उदाहरण हो सकते हैं आनंद, गरिमा, सम्मान ।) यीशु हमारे लिए खुशखबरी है, क्योंकि उसके प्यार और बलिदान का मतलब यह है कि चाहे हमारी सबसे कीमती चीजें खो भी जाऐं, वह उन्हें बहाल करने का वायदा करता है। वह हमें भरपूर जीवन दे सकता है, भले ही हमें लगे कि हमने इसे खो दिया है।

**( खोई हुई भेड़ का दृष्टांत पढ़ें )**

आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी (MSHT) हमारी सबसे बहुमुल्य चीजों में से एक को पाने की क्रिया है: हमारी स्वतंत्रता। MSHT चाल बनाकर लोगों को अनुचित और असुरक्षित काम के लिए मजबूर करता है। कभी-कभी लोगों से बेहतर जीवन या एक अच्छी नौकरी का वायदा किया जाता है और फिर उन्हें फंसा दिया जाता है और कुछ और ही करवाया जाता है। कोई अपने ही देश में गुलामी या तस्करी का शिकार हो सकता है, या कभी-कभी, अन्य देश में।

ऐसे कई स्थान हैं जहां हमारी जानकारी के बिना लोग गुलामी में हो सकते हैं। वे अक्सर किसी को बताने में बहुत ज्यादा डरे हुए होते हैं या उनसे कहा गया होता है कि वे किसी को कुछ नहीं बता सकते हैं वरना उनके साथ इससे भी ज्यादा बदतर कुछ हो सकता है। गुलाम बनाने के दो मुख्य रूप हैं मजदूरी और यौन शोषण। हालाँकि, लोगों की तस्करी और उन्हें गुलाम इस प्रकार भी बनाया जा सकता है :

- खेतों पर
- मछली पकड़ने वाली नावों पर
- होटलों में या लोगों के निजी घरों में नौकरों के रूप में
- वेश्यालयों या अश्लील सामग्री में
- शादी मे
- कारखानों में
- सैनिकों के रूप में

बाईबल बताती है कि हम परमेश्वर के स्वरूप में सृजे गए हैं। जब कोई दूसरे इंसान को चोट पहुँचाता है, तो वे परमेश्वर को चोट पहुँचाते हैं। तस्करी करने वाले या गुलाम रखने वाले लोग सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार नहीं करते जो परमेश्वर ने हम सभी को दी है। MSHT लोगों की स्वतंत्रता, आनंद, अवसर, आशा तथा और भी बहुत कुछ छीन लेता है। यह परमेश्वर के ह्रदय को दुखित करता है। परमेश्वर हमें इतना प्यार करता है कि वह हमें हमारा खोया हुआ सब कुछ वापस देने का वायदा करता है। लेकिन परमेश्वर जो सबसे ज्यादा चाहता है वह यह है कि कोई किसी का सम्पूर्ण जीवन न ले कि उसे फिर नई शुरुआत करनी पड़े। परमेश्वर हमें अपने साथ भागीदारी करने के लिए आमंत्रित करता है कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोगों को जीवन का वैसा अनुभव उपलब्ध है या नहीं जैसा परमेश्वर चाहता है।

अंधकार के पार

# युवा सामग्री

## मानव तस्करी के पीड़ितों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय प्रार्थना दिवस

### युवा लोगों को सिखाना

आप क्या कर सकते हैं?

1. **संकेतों को जानें**

जानें कि इसके लिए कौन से संकेत दिख सकते हैं यदि

किसी का शोषण किया जा रहा है। और भी कई चीजें हैं ध्यान देने के लिए, लोगों के रहने की स्थिति, काम करने की स्थिति सहित और यह देखना कि उनके आसपास अन्य वयस्क उनके साथ कैसा व्यवहार करते हैं। सीखें कि इंटरनेट पर कैसे सुरक्षित रहा जाए। आप और आपके मित्र कैसे एक दूसरे को सुरक्षित रख सकते हैं?

2. **दूसरों को बताएं ( अधिवक्ता )**

एक बार जब आप संकेतों को जान लें, तो उन्हें दूसरों के साथ साझा करें ताकि वे भी जानें। यह सुरक्षित समुदायों को बनाने में मदद करता है। पता लगाएँ कि क्या आप जहाँ रहते हैं वहाँ बचा लिए गए लोगों के लिए समर्थन है। कुछ जगहों पर, यदि आपको संदेह है कि कोई व्यक्ति पीड़ित हो सकता है, आप इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं।

इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने समुदाय में एक छोटे समूह के साथ काम करें। आप अपने स्कूल, कार्यस्थल या चर्च में कुछ पेश भी कर सकते हैं।

3. **प्रार्थना करो!**

हमारे अगुवों के लिए प्रार्थना करें, संगठनों के लिए प्रार्थना करें जो बचाए गए लोगों का समर्थन करते हैं, जो लोग दुख उठा रहे हैं उनके लिए प्रार्थना करें। परमेश्वर के बहुमूल्य बच्चों के लिए प्रार्थना करें कि वे सम्पूर्ण ईश्वरीय जीवन पा सकें।

4. **आप जो हैं वही बनें!**

हम सभी अलग तरह से बनाए गए हैं और बदलाव लाने के लिए कुछ अनूठा कर सकते हैं। युवा लोग अक्सर बदलाव लाने में सर्वश्रेष्ठ होते हैं। यहाँ कुछ उदाहरण हैं:

रेज गार्डी: रेज का जन्म संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी शिविर  में हुआ था। जब वह एक बच्ची थी तो उसका परिवार शरणार्थियों के रूप में न्यूजीलैंड चला गया था। उसने स्कूल में कड़ी मेहनत की, यहाँ तक कि बेशक कभी-कभी उसे धमकाया भी जाता था। वह एक वकील बन गईऔर अब अन्य शरणार्थियों की वकालत करती हैं जो खतरे में हो सकते हैं।

रोजली फिश: जब रोजली यूनाइटेड स्टेट में स्कूल में थी, वह एक बहुत अच्छी धावक थी। जब वह १७ वर्ष की हुई, उसने एक दौड़ में चेहरे पर लाल हाथ के निशान के साथ प्रतिस्पर्धा की अपने समुदाय और देश में स्वदेशी महिलाओं की हत्या और गुमशुदगी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिनिधित्व किया। उसने कहा, 'जब मैं इस प्रकार से दौड़ूंगी, तो लोग ध्यान देंगे।' वह हर बार जागरूकता बढ़ाती है जिस समय वह दौड़ती है, और उसने जागरूकता बढ़ाने की वजह से अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचा है।

### आश्चर्यजनक प्रश्न

मुझे आश्चर्य है कि आपके बारे में क्या अनोखा है?

मुझे आश्चर्य है कि आपके सामने क्या सही है जो आप कर सकते हैं जिसपर आप प्रभावी हैं?

मुझे आश्चर्य है कि क्या कुछ ऐसा है जिसे आप विशेष रूप से परमेश्वर से सुनते हैं कि वह आपसे मदद करने के लिए कह रहा है?

### गतिविधि

एक घर के बारे में चित्र बनाएं, घर बनाएं या उसके बारे में बात करें। कल्पना कीजिए कि आप वह घर हैं (या आपका समुदाय)।

पूछें:

- घर में जीवन देने के लिए क्या भीतर जाता है?
- कौन सी चीजें आपके लिए विशिष्ट हो सकती हैं और आप कहां पर हैं और आपके लिए क्या चीज महत्व रखती है?
- जीवन में कौन सी चीजें घर को हिला सकती हैं? या उसे कम मजबूत/स्वस्थ बना सकती है?
- कौन-सी चीजें घर की सुरक्षा करने में मदद कर सकती हैं? उसे मजबूत / स्वस्थ बनाए रख सकती हैं?

*कैप्टन मिस्सी डिचबर्न द्वारा लिखित*